दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र


मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 349 मुरादाबाद 21April 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## यूपी में कोरोना की बढ़ती रफ्तार के बीच सीएम योगी की टीम-9 के साथ बैठक, कहा- कोविड प्रोटोकाल के लिए करें जागरुक



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को लेकर बुधवार को कोविड प्रबंधन के लिए गठित टीम-9 के साथ बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मास्क लगाने के साथ स्कूलों में बच्चों और लोगों को कोविड प्रोटोकाल के लिए जागरुक करने के निर्देश दिए। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से विभिन्न राज्यों में कोविड के केस में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। एनसीआर के जिलों में भी इसका प्रभाव है। पिछले 24 घंटे में गौतमबुद्ध नगर में 103 और गाजियाबाद में 33 नए पाजिटिव मरीजों की पुष्टि हुई है। एनसीआर के जिलों तथा लखनऊ में सभी के लिए सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाया जाने की व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। लोगों को कोविड प्रोटोकाल का अनुपालन के लिए जागरूक किया जाए। बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर हमें सतर्क रहना होगा। इसी के साथ स्कूलों में कोविड प्रोटोकाल का बारे में बच्चों को जागरूक किया जाए। एनसीआर के जनपदों (गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, ...ड़, मेरठ, बुलंदशहर, बागपत) तथा लखनऊ जनपद में टीकाकरण से छूटे लोगों को चिन्हित कर वैक्सीनेट किया जाए।

पब्लिक एड्रेस सिस्टम का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया जाए। प्रदेश में वर्तमान में कुल एक्टिव केस की संख्या 856 है। पिछले 24 घंटों में 01 लाख 13 हजार कोरोना टेस्ट किए गए, जिसमें 170 नए कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई। इसी अवधि में 110 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। हमें पूरी सावधानी और सतर्कता बरतनी होगी। कोविड टीकाकरण अभियान की प्रगति संतोषप्रद है। किंतु बच्चों के टीकाकरण को और तेज करने की आवश्यकता है। 30 करोड़ 86 लाख से अधिक कोविड टीकाकरण के साथ ही 18+ आयु की पूरी आबादी को टीके की कम से कम एक डोज लग चुकी है, जबकि 86.69 प्रत?शत से अधिक वयस्क लोगों को दोनों खुराक मिल चुकी है। 15 से 17 आयु वर्ग में 94.26 प्रतिशत किशोरों को पहली खुराक मिल चुकी है। 12 से 14 आयु वर्ग के बच्चों को पहली डोज के बाद अब पात्रता के अनुसार दूसरी डोज भी दी जाए। 18+ आयु के लोगों को बूस्टर डोज लगाए जाने में तेजी की अपेक्षा है। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी नागरिक टीकाकरण से वंचित न रहे। बूस्टर डोज की महत्ता और बूस्टर टीकाकरण केंद्रों के बारे में आमजन को जागरूक किया जाए।

## जहांगीरपुरी में चले बुलडोजर को लेकर बीजेपी और AAP पर बरसे ओवैसी



ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने दिल्ली में हिंसा प्रभावित जहांगीरपुरी इलाके में हुए अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाने को लेकर भाजपा (BJP) और आम आदमी पार्टी (८क्क) पर निशाना साधा है। ओवैसी ने जहांगीरपुरी में अतिक्रमण पर चले बुलडोजर को तुर्कमान गेट 2022 (Turkman Gate) करार दिया। ओवैसी ने ट्वीट करते हुए कहा तुर्कमान गेट 2022, इतिहास बताता है कि 1976 में सत्ता में बैठे लोग वर्तमान समय में अपनी ताकत गंवा बैठे हैं। बीजेपी और आम आदमी पार्टी को भी याद रखना चाहिए। शक्ति शाश्वत नहीं है। तुर्कमान गेट विध्यंस काफी चर्चित मामला था। जो कि कथित तौर पर राजनीतिक उत्पीड़न और झुग्गियों में रहने वालों के नरसंहार को लेकर चर्चा में आया था। इंदिरा गांधी सरकार ने कथित तौर पर उन प्रदर्शनकारियों को गोली मारने का आदेश दे दिया था जो कि इलाके में घरों को गिराए जाने के खिलाफ आंदोलन कर रहे थे। इस दौरान सैकड़ों घरों और दुकानों को गिरा दिया गया था इसका विरोध करने वाले दर्जनों लोगों को जेल में डाल दिया गया था। जहांगीरपुरी में 16 अप्रैल, हनुमान जयंती और 18 अप्रैल को हिंसा की घटनाएं हुई। दिल्ली बीजेपी ने आरोप लगया है कि जहांगीरपुर में दंगा करने वालों ने अवैध निर्माण किया है। बीजेपी ने मांग की है कि क्षेत्र में अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया जाए। जिसके बाद उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने बाद में बुधवार और गुरुवार को जहांगीरपुरी इलाके में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाने की घोषणा की। इस ट्वीट से पहले ओवैसी ने कहा कि बीजेपी ने गरीबों के खिलाफ युद्ध की घोषणा की है। उन्होंने अतिक्रमण अभियान में केजरीवाल की भूमिका को संदिग्ध बताने हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री पर भी निशाना साधा।

ऑफर

आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-

9027776991

## यूपी सरकार पर बरसे जयंत चौधरी, कहा- योगी का बुलडोजर न सिर्फ अमानवीय बल्कि गैर कानूनी भी



राष्ट्रीय लोक दल ( रालोद ) के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने उत्तर प्रदेश में योगी सरकार पर कानूनी प्रक्रिया पालन किए बिना चलाए जा रहे बुलडोजर को न सिर्फ अमानवीय बल्कि गर कानूनी भी करार दिया है। जयंत चौधरी ने बुधवार को स्थानीय विधायक और समाजवादी पार्टी ( सपा ) के वरिष्ठ नेता आजम खान के परिजनों से मुलाकात के बाद संवाददाताओं के सवालों के जवाब में कहा कि योगी सरकार का बुलडोजर गैर कानूनी है, अमानवीय है। क्योंकि किसी अपराधी को भी सिस्टम के तहत सुनवाई का हक है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से आजम परिवार की नाराजगी के सवाल पर जयंत ने कहा कि उनकी आजम परिवार से बातचीत अच्छे माहौल में हुई है। वह सस्टिम ( व्यवस्था ) से नाराज हैं। हालांकि इस विषय में मेरे लिए सफाई देने का कोई औचित्य नहीं है। गौरतलब है कि तमाम आपराधिक मामलों में इन दिनों जेल में बंद आजम खान न्यायिक जांच का सामना कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव में आजम खुद रामपुर सदर से और उनका बेटा अब्दुल्ला आजम खान रामपुर जिले की स्वार सीट से चुने गए हैं। चुनाव के बाद आजम खान ने रामपुर संसदीय क्षेत्र से बतौर लोकसभा सदस्य पद से इस्तीफा देकर विधायक बने रहने का फैसला किया है। इस बीच एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी की ओर से आजम खान को उनकी पार्टी में शामिल होने के निमंत्रण के सवाल पर जयंत ने कहा कि मैं उचित नहीं समझता हूं कि इस मुद्दे पर मैं कुछ बोलूं। उन्होंने नौजवानों से आह्वान किया कि वे महंगाई और बेरोजगारी की समस्या के विरोध में सड़कों पर आना चाहिए। सपा में मची उथल-पुथल के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह अंदरूनी विरोध नहीं बल्कि सिर्फ सिस्टम से निराशा है और निराशा को दूर करके ही लड़ाई लड़ी जाएगी।

# प्राथमिक विद्यालय परसोडा की दयनीय दशा

अविनाश चंद्र दीक्षित

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बांदा- जनपद के तिंदवारी ब्लाक अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत परसोडा के प्राथमिक विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापक सभी सरकारी आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। इस विद्यालय के प्रधानाध्यापक अभी भी चूल्हे में बच्चों के खाना बनवाते हैं। जब मास्टर साहब से चूल्हे पर खाना बनवाने का कारण पूछा गया तो वही घिसा पिटा बहाना बनाया की गैस खत्म हो गई है। वही रसोइया से पूछा गया तो उसने बताया की हमेशा चूल्हे में ही खाना बनता है। जब विद्यालय के अंदर गए तो ठीक सामने की कक्षा बिलकुल जर्जर हालत में दिखी। जब मास्टर साहब से जर्जर कक्षा के बारे में बात की गई तो मास्टर साहब ने बताया की कुल दस हजार रुपए पुताई के लिए आते है जिससे पुताई कराई जाती हैं। इसके निर्माण के लिए कोई अतिरिक्त बजट नही आता है जिससे इसकी मरम्मत कराई जा सके। जब मीडिया कर्मियों ने मास्टर साहब से पूछा की अपने विभाग के अधिकारियों को इस जर्जर हालत के बारे में बताया कि नही तो मास्टर साहब ने बताया की कई बार अधिकारियों को अवगत कराया है। मास्टर साहब की बातो का संज्ञान लेकर जब बी एस ए बांदा से फोन संपर्क करने का प्रयास किया गया तो संपर्क नहीं हो सका। अब देखने वाली बात है की क्या जानबूझ कर विद्यालय की अनदेखी करते हुए किसी अनहोनी होने का इंतजार कर रहा है जिला प्रशासन या समय रहते इसकी मरम्मत कराई जाती हैं देखने वाली बात है।

# अवैध तमंचे के साथ इंस्टाग्राम पर फोटो वायरल करता हुआ दिखाई दिया एक शक्श

सत्यम शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




बरेली -सोशल मीडिया पर वायरल करने का चलन तेजी के साथ बढ़ता ही जा रहा है। अब एक और नये तमंचेबाज की फोटो सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम प्लेटफार्म पर वायरल हो रही है,सोशल मीडिया पर वायरल करने का चलन तेजी के साथ बढ़ता ही जा रहा है। अब एक और नये अवैध तमंचे के साथ की फोटो सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम प्लेटफार्म पर वायरल हो रही है, जिससे हड़कंप मच गया है। जनपद बरेली के युवाओं में अन्य जनपदों के युवाओं की तरह तमंचे हाथ में लेकर या हवा में फायरिंग करते हुए उसका वीडियो बनाकर या फोटो खींचकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने का प्रचलन तेजी के साथ बढ़ रहा है। पुलिस द्वारा इस तरह के मामलों में लगातार त्वरित कार्यवाही किये जाने के बावजूद युवा इस जानलेवा शौक से मुंह फेरने की बजाये इलाके में अपनी दहशत दिखाने के लिये लगातार बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे है। सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम प्लेटफार्म पर अब एक और नए अबे तमंचे के साथ एक युवा का वीडियो वायरल हो रहा है जिसे जनपद बरेली के इज्जत नगर थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है ।।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित हुआ ब्लाक स्तरीय स्वास्थ्य मेला

प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- देश एवं प्रदेश की सरकार जन-जन को स्वस्थ्य रखने हेतु प्रतिबद्ध है। गांव एवं दूर दराज के क्षेत्रों के लोग स्वास्थ्य विभाग की सेवाओं एवं योजनाओं से वे अछूते न रहने पाए इसके लिए अब सरकार द्वारा ब्लाक स्तर पर भी स्वास्थ्य मेले का आयोजन कर गांव से आये लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण, पात्रों को गोल्डन कार्ड से आच्छादित करने एवं अन्य तमाम विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़कर उन्हें लाभान्वित करने के लिए मेले को आयोजित किया जा रहा है। उक्त विचार विकास खण्ड गिलौला स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित स्वास्थ्य मेले का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए विधायक राम फेरन पांडेय ने व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने जोर देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के मंशानुसार स्वास्थ्य विभागों के सहयोग से आयोजित होने वाले इस मेले में जरूरतमंदों को एक ही छत के नीचे विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है। मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का विधायक ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा की हमारी सरकार सबका साथ,सबका विकास, सबका विश्वास के तर्ज पर कार्य कर रही है। प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर जनपद के सभी ब्लाक मुख्यालयों पर स्थित स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन कर जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेले के माध्यम से आमजन को स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग से सम्बंधित सेवाओं, मातृ शिशु कल्याण, टीकाकरण, परिवार नियोजन, संचारी व गैर संचारी रोगों से सम्बंधित सेवाएं दी जा रही हैं। माननीय विधायक ने बताया कि मेले में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत लाभार्थी अपना आयुष्मान भारत कार्ड भी बनवा सकते है। माननीय विधायक ने यह भी बताया कि स्वास्थ्य मेले का आयोजन क्रमश 20 अप्रैल को हरिहरपुररानी, 21 अप्रैल को सिरसिया में आयोजित किया गया है। जिसमे पहुंचकर सम्बंधित ब्लाक क्षेत्र वासी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं। विकास खण्ड जमुनहा के अंतर्गत माननीय जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेले का शुभारम्भ करने के उपरांत कहा कि यह मेला जनपद वासियों के लिए लाभप्रद सिद्ध होगा। जिले के ऐसे लोग जो अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराने जिले पर नही जा सकते थे उनके इलाज एवम जांच के लिए ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य मेला आयोजित किया रहा है। इस अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा एलईडी वैन के माध्यम से प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक किया गया एवं मिशन शक्ति नामक फोल्डर का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान माननीय जनप्रतिनिधि एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित आमजन मानस उपस्थित रहे ।

# अकराबाद खड़े टेंकर से टकराई रोडबेज बस एक दर्जन यात्री घायल

लवकुश ठाकुर

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- थाना अकराबाद क्षेत्र के लधौआ के पास बुधवार,की दोपहर नेशनल हाइवे पर नवनिर्मित विजली घर के निकट रोड पर खड़े खराब टेंकर के पीछे से रोडवेज बस जा टकराई। हादसा होते ही यात्रियों में चीखपुकार मच गई। वहीं घटना में बस का कंडक्टर साइड का आधा हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना होते ही चालक गाड़ी छोड़कर मौके से भा गया। परिचालक मुकेश चंद्र पुत्र थानसिंह निवासी ब्रहमपुर कासगंज ने बताया है कि बस दिल्ली से लगभग 45 यात्रियों को लेकर कासगंज जा रही थी। इसी बीच बस लधौआ विजली घर के पास पहुंची तभी अचानक रोड पर खड़े टेंकर के पीछे से जा टकराई। हादसे में करीब सात आठ यात्री घायल हुये हैं। हादसे की जानकारी पर कोतवाल संजीव त्यागी फोर्स के साथ तत्काल मौके पर पहुंच गये और मौजूद लोगों से हादसे की जानकारी ली। उन्होंने बताया है घटना में सात आठ यात्री घायल हुए है।जो रोड से गुजर रहे वाहनों के जरिए अस्पताल व अपने अपने गंतव्य को चले गये।कोई यात्री थाने आकर तहरीर देता है तो कार्रवाई की जायेगी।

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



लंकीन प्रसाद वर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार तिवारी थाना इकौना जनपद श्रावस्ती मय हमराह टीम क्षेत्र भ्रमणशील थे कि चिचडी मोड से अभियुक्त निषार मिर्जा पुत्र लियाकत मिर्जा निवासी पण्डितपुरवा दा0 चिचडी इकौना जनपद श्रावस्ती सम्बन्धित मु0अ0सं0 84/22 धारा 376/506 भा0द0वि0 थाना इकौना जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार किया गया।

# घर में लगी आग एक पशु की मौके पर मौत 3 गंभीर रूप से झुलसे

लवकुश ठाकुर

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- थाना अकराबाद क्षेत्र के गांव नगला पूसा मैं अज्ञात कारणों के चलते घर में आग लग गई जिसके चलते घर में बंधी चार भैंसों में से एक भैंस की मौत हो गई जबकि तीन बुरी तरह से झुलस गई मौके पर पहुंचे गांव वासियों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया और घटना की इलाका पुलिस को सूचना दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी दमकल विभाग को दी गई दमकल गाड़ी पहुंचने से पहले स्थानीय लोगों ने आप पर काबू पा लिया था लेकिन जब तक एक भैंस मौत हो चुकी थी और तीन बुरी तरह से झुलस चुकी थी वहीं गिर मालिक राकेश ने जानकारी देते हुए बताया कि उसको जानकारी नहीं कि उसके घर में इस प्रकार से आग लगी लेकिन आग लगने के कारण उसके जानवर बुरी तरह से झुलस गए और एक जानवर की मौत हो गई

# नाजायज चाकू के साथ एक गिरफ्तार

प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार तिवारी मय पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमण के दौरान अभियुक्त दाताराम पुत्र छोटेलाल नि0 इस्पेक्टर पुरवा दा0 पूरे दीनामगढ थाना इकौना जनपद श्रावस्ती को 01अदद नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना इकौना पर मु0अ0स0 88/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट मे अभियोग पंजीकृत किया ।

# स्वास्थ्य मेला में 597 रोगियों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

मुरादाबाद-आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को ब्लॉक परिसर में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख संजना वीर सिंह सैनी ने किया। एसडीएम परमानंद सिंह, डिप्टी एसपी डॉ. अनूप सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मिलिंद चंद गर्ग, पालिका अध्यक्ष हाजी लियाकत अंसारी, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मोहम्मद असलम, बीडीओ डॉ. मनीष चंद्र मुख्य रूप से मौजूद रहे। मेले में कुल 597 रोगियों ने अपना परीक्षण कराया। मेले में टाइफाइड, शुगर डेंगू एचआईवी आदि तमाम जांच की गई। मेले में ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. वसीम अहमद, डॉ. शाहीन परवीन, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सिराज अहमद, फिजीशियन डॉ. रामकिशोर, सर्जन डॉ. राहुल चौधरी, डॉ. केके यादव, डॉ. योगेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। मेले में बेसिक शिक्षा विभाग का भी स्टाल लगाया गया। ठाकुरद्वारा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से आए व्यक्तियों को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं, जैसे स्कूल चलो अभियान, शारदा कार्यक्रम, निपुण भारत, डीबीटी, 100 डेज रीडिंग कैंपेन, स्कूल रीडीनेस कार्यक्रम, ई पाठशाला, मिशन शक्ति, मीना मंच



और बाल अधिकार के बारे में जानकारी दी गई। मेले में पीयूष कुमार, नवनीत विश्नोई, सतीश मोहन, कृष्ण कुमार, विवेक, विशाल, विनीता, नाजिया, कंचन, सपना, सोमवती, रजनी, पूजा, रूपाली, सोनिया, शिखा उपस्थित रहीं। उधर मेले में आयुष विभाग के स्टॉल पर सबसे अधिक रोगियों की भीड़ पहुंची। इस दौरान चिकित्सक डॉ. धर्मेंद्र सिंह आदि ने रोगियों को परीक्षण के बाद दवाइयां दीं।

## ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के कार्यों का भौतिक सत्यापन किया जाए - जिलाधिकारी

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- जिलाधिकारी श्री शिवाकान्त द्विवेदी ने कहा कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों का भौतिक सत्यापन किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में कार्य चल रहा है, उसका अधिशासी अभियन्ता, जाकर स्वयं निरीक्षण कर उन्हें प्रगति से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि अधिशासी अभियन्ता कुछ गांवों का औचक निरीक्षण करें जिससे कि कार्य की वास्तविक प्रगति सामने आ सके।जिलाधिकारी आज अपने कार्यालय में जल जीवन मिशन से सम्बंधित जिला पेयजल स्वच्छता समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री चन्द्र मोहन गर्ग सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण श्रीमती कुमकुम गंगवार ने जल जीवन मिशन के कार्यों से सम्बंधित प्रगति से अवगत कराया। बैठक में पांच करोड़ रूपए तक की 46 डी.पी.आर. जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा स्वीकृति उपरांत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को



प्रेषित किए जाने का निर्णय लिया गया तथा पांच करोड़ से अधिक लागत की चार डी.पी.आर. समिति द्वारा स्वीकृति हेतु संस्तुति कर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को प्रेषित करने की सहमति व्यक्त की गई। अधिशासी अभियन्ता ने अवगत कराया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत बरेली जिले की 855 पंचायतों के 1405 ग्रामों में जलापूर्ति का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके क्रम में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा पूर्व में 329 ग्राम पंचायतों के 446 गाँवों की डी.पी.आर. स्वीकृति हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को प्रेषित की गई थी, जिनमें से 255 योजनाओं की डी.पी.आर. राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा स्वीकृत की जा चुकी है। वर्तमान में 208 योजनाओं पर कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। बैठक में कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## रैली के जरिए सड़क सुरक्षा का संदेश




मुरादाबाद-मुरादाबाद के एसडीएम इंटर कॉलेज से सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत 24 यूपी बटालियन एनसीसी कैडेट्स ने जागरूकता रैली निकाली। प्रधानाचार्य उदयराज सिंह ने रैली का आरंभ किया। एसडीएम के साथ ही हिंदू कॉलेज, एसएस इंटर कॉलेज, आईएफटीएम विवि के कैडेट शामिल रहे। एनसीसी अधिकारी मेजर एनएन त्रिवेदी, लेफ्टीनेंट, डॉ राजीव चौहान, एएनओ, हेमंत अवस्थी, हवलदार सुनील कुमार आदि शामिल रहे।

## कटघर थाने में रमजान ईद त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-कटघर थाने में रमजान ईद त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न बैठक में ए सी एम प्रथम साहब सी ओ साहब कटघर वाह कोतवाल साहब कटघर व सभी जिम्मेदार लोगों ने अपने विचार रखे इस मौके पर अधिकारियों के सामने सुझाव रखते हुए सहारा अमन कमेटी के अध्यक्ष सूफी वसीम अहमद वह आरिफ मंसूरी व शहर के जिम्मेदार लोग सहारा अमन कमेटी के महानगर अध्यक्ष हाजी जुबेर आलम सभी लोगों ने अधिकारियों को विश्वास दिलाया आने वाला त्यौहार ईद भाईचारा वह गंगा जमुना तहजीब के साथ मनाया जाएगा

# पंडित श्याम बिहारी मिश्रा की पुण्यतिथि मनाई



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने प्रदेश उपाध्यक्ष /महानगर अध्यक्ष अजय अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों के मसीहा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पंडित श्याम बिहारी मिश्रा की प्रथम पुण्यतिथि मनाई । अजय अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारी जिला अस्पताल पहुंचे और पंडित श्याम बिहारी मिश्रा की प्रथम पुण्यतिथि मरीजों को फल, फूटी एवं मिष्ठान देकर मनाई प्रदेश मंत्री विपिन गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों के भामाशाह कहे जाने वाले स्वर्गीय पंडित श्याम बिहारी मिश्रा ने व्यापारियों के लिए ऐसे ऐसे कार्य किए हैं जिस का बखान करना संभव नहीं है अनेकों बार पंडित श्याम बिहारी मिश्रा जेल भी जा चुके हैं और उन्होंने व्यापारियों के लिए अनेक कुर्बानी दी हैं आज वह हमारे बीच में नहीं है व्यापारियों को इस चीज का बड़ा दर्द है पिछले वर्ष कोविड के दौरान उनकी मृत्यु हो चुकी थी आज व्यापारी इसी संदर्भ में जिला अस्पताल में फल, मिठाई एवं फ्रूटी बांट कर उनकी पुण्यतिथि मना रहे हैं इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल के अलावा प्रदेश मंत्री विपिन गुप्ता, सुनील अग्रवाल, रवि अग्रवाल, अमरीश अग्रवाल, संजय सहगल, संजय अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, शरद चतुर्वेदी, अनुभव अग्रवाल ,संजय आहूजा, अजय सहगल नवीन रस्तोगी आदि व्यापारी शामिल रहे।

# ग्राम प्रधानों ने भी लिया स्वास्थ्य मेले में भाग



मुरादाबाद-ब्लॉक स्वास्थ्य मेला में बुधवार को ग्राम प्रधानों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रधान संघ ब्लाक अध्यक्ष वीर सिंह के नेतृत्व में ग्राम प्रधान इरफान, करणवीर सिंह, पाठू, शमशाद अंसारी, गयासुद्दीन नवाब आदि ने प्रतिभाग कर ग्राम पंचायतों की ओर से मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी। इस दौरान वीर सिंह ने कहा कि ग्राम प्रधान संगठन ग्रामीणों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं देने के लिए कार्यरत है। गांवों में शासकीय योजनाएं लागू करने के लिए ग्राम प्रधान हर संभव प्रयास कर रहे हैं ताकि गांवों को विकास की मुख्यधारा में लाया जा सके।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# In favor of the system

The importance of the latest decisions of Uttar Pradesh Chief Minister Yogi Adityanath can be understood in view of the incidents of communal violence that took place in many states of the country including the capital Delhi. Yogi is known to be a strict administrator and his latest instructions confirm this. The Chief Minister gave clear instructions in the law and order review meeting of the state that neither new religious processions should be allowed nor loudspeakers should be installed at new shrines. In the context of traditional processions and processions, he has also directed to follow the prescribed norms. There is no doubt that faith is a very personal matter and the mirror of the country gives freedom of worship to all its citizens. But when faith starts turning into competition, then it also comes under the purview of regulation. The diversity of worship and worship in a multi-religious Indian society is an integral part of its cultural beauty and the world has been giving examples of this. This characteristic was not achieved in a decade or two centuries, society has acquired it over millennia. But the culture of brotherhood is getting hurt by the politics of scraping the bitter events of history. This is the reason that in the third decade of the 21st century, when our energy should have been spent in solving complex issues of science and environment, we have to spend it to save communal-community unity. Why is this so? Indeed, this tendency has been fueled by religious ostentation, submission to stubbornness and strict-soft administrative attitude towards this or that community. Of course, our entire political class is responsible for this. No one party or organization can be blamed for this. If there were no political pressure on the administration, then many such problems would not have become the cause of social disharmony. In such a situation, the Chief Minister of Uttar Pradesh has rightly made it clear that now no concession will be taken with anyone. The police have their own rules regarding the route, time duration or number of devotees participating in any religious procession or procession. If it is followed sincerely, there may not be any traffic problem nor social environment may deteriorate, but it is often overlooked, as is being pointed out in the Jahangirpuri controversy. Chief Minister Yogi's instructions to strictly implement it in Uttar Pradesh and hold meetings of respected gurus of all religions before traditional processions and processions will prove to be important in avoiding conflict. The administration should also strictly monitor the display of lethal weapons in processions. Similarly, in the present mechanical age, been better if the religious officers of all religions would organize Sarva Dharma Sabha and set such examples and guide their respective communities, but when the stigma has started increasing, communal disharmony has become a threat to peace and order, then the state-power His intervention is his responsibility as well as a need. The country needs a peaceful India for economic progress. Riots and tensions will only take away his happiness and prestige.

## Palak Tiwari breaks silence after being seen in car with Saif Ali Khan's son Ibrahim, says- 'I had hidden my face because of my mother'



TV actress Shweta Tiwari's daughter Palak remains in the headlines like her mother. Palak Tiwari is going to start her career in Bollywood soon. Even before appearing in films, she is in a lot of discussion about her personal life. Earlier this year, Palak Tiwari was spotted in a car with actor Saif Ali Khan's son Ibrahim. The spotted video of Palak Tiwari and Ibrahim Khan was shared by celebrity photographer Viral Bhayani on his official Instagram account. In the video, Palak Tiwari and Ibrahim Khan were seen sitting in the car together. At the same time, Palak Tiwari was seen hiding her face after the media camera came to the fore. Now Shweta Tiwari's daughter has given her reaction in this whole matter. Palak Tiwari recently spoke to RJ Siddhartha Kannan. During this, apart from his career, he also talked a lot about his personal life. On being spotted in the car with Ibrahim Khan and his relationship with him, Palak Tiwari now said, 'It's just friendship. It was all speculation and so I didn't pay any attention to it. We were just outside and we were surprised. Palak Tiwari further said, 'It was over there. It's just that. To be honest, both of us were with a group. Not only were we there, but it was shown in a different way. This was the story that people liked the most, while it is not. Palak Tiwari has said that she and Ibrahim are just good friends. At the same time, she has also told that she was hiding her face in the car because of her mother Shweta Tiwari. He said, 'I have said that my mom keeps tracking me through pictures of paparazzi. That night I told him an hour ago that I had left for home. I was in Bandra and I told her that mummy is too much traffic. I am on the way and he said ok. That's when these pictures came to the fore. I panicked and said that my mother will see me. And then he sent me the picture and said you are a liar.' Palak Tiwari finished his talk and said, 'I apologized to him immediately. I hid my face from Shweta Tiwari and not from anyone else. Palak Tiwari said about Ibrahim Ali Khan, 'We are good friends. He's a very cute boy. We talk sometimes and that's it. There is a lot of discussion about this statement of Shweta Tiwari's daughter.

## Bollywood actress Kajal Aggarwal became 'Mummy', son took birth from cute



Aggarwal became 'Mummy': A new guest has arrived at Singham girl Kajal Aggarwal's house. Yes, Bollywood actress Kajal Aggarwal and her husband Gautam Kitchlu have become parents. Actress Kajal gave birth to her first child on Tuesday. A cute son has been born to him. Born in a private hospital in Mumbai- According to reports, the beautiful actress Kajal has been delivered in a private hospital in Mumbai and both mother and child are healthy. Let us tell you that no official announcement has been made about this from the side of the couple yet. But Kajal Aggarwal shared the information of her pregnancy with her fans on social media. Since then, his fans were very excited for this good news and started guessing whether it would be a boy or a girl. Married in the year 2020- Aggarwal became 'Mummy': Significantly, Singam girl Kajal Aggarwal married Gautam Kichlu in a private ceremony on October 30, 2020. Only family members attended this private function. Kajal had enjoyed her pregnancy period a lot and constantly shared these happy moments with her fans through social media. Let us tell you that apart from Bollywood films, Kajal Aggarwal has also worked in many hit films of South.

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# मेडिकल कॉलेज में 10 बजे तक भटकने को मजबूर रहते हैं मरीज

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-मेडिकल कॉलेज बनने के बाद जिले के लोगों की मुश्किल कम होने की बजाय बढ़ गई है। यहां 10 बजे तक ओपीडी में डॉक्टरों के नहीं पहुंचने के चलते मरीजों को भटकना पड़ता है। जबकि शासनादेश में सुबह आठ बजे चिकित्सकों को ओपीडी में पहुंचने का समय निर्धारित है। इसके बाद भी हर रोज मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चिकित्सकों ने ओपीडी में देरी से पहुंचने का ढर्रा बना लिया है, इसकी वजह से परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। हमारी की टीम की ओर से मंगलवार को मेडिकल कॉलेज की स्थिति और मरीजों की परेशानियों की पड़ताल की गई। सुबह 8.15 पर टीम पहुंच गई, लेकिन चिकित्सक एक भी नहीं पहुंचा। मरीज चिकित्सकों का इंतजार करते मिले। नौ बजे तक चिकित्सक नहीं आए, लेकिन मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती गई। 9.05 बजे ओपीडी संख्या छह और सात में चिकित्सक पहुंचे। यहां मरीजों की



लाइन लग गई, लेकिन कमरा नंबर तीन, चार और पांच में कोई चिकित्सक नहीं पहुंचे। ओपीडी नंबर तीन में अस्थि रोग से संबंधित मरीजों को देखा जाता है लेकिन यहां चिकित्सकों के नहीं पहुंचने की वजह से लोग दर्द से कराहते देखे गए। मरीजों को दो घंटे तक इंतजार करना पड़ा इसके बाद डॉक्टर पहुंचे तब स्वास्थ्य सेवाएं सुचारु हो सकीं। वहीं ओपीडी संख्या चार में चर्म और त्वचा रोग से संबंधित मरीजों का उपचार किया जाता है, यहां छोटे-छोटे बच्चों से लेकर अन्य लोग चिकित्सकों का इंतजार करते-करते थक गए। घंटों इंतजार के बाद चिकित्सक आए तब उपचार शुरू हो सका। यही हाल ओपीडी नंबर पांच में रहा। मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिलीं बहुत से मरीज घरों को वापस हो गए। हर रोज एक हजार के करीब होती है ओपीडी मेडिकल कॉलेज में हर रोज एक हजार के करीब ओपीडी होती है, यहां 80 से 100 के बीच हड्डी रोगों से संबंधित मरीज प्रत्येक दिन आते हैं। चर्म और त्वचा रोग से संबंधित भी 60 से 80 मरीज आते हैं। निर्धारित समय पर चिकित्सकों के नहीं आने की वजह से मरीजों को हर रोज परेशानियों से जूझना पड़ता है। मेडिकल कॉलेज के अधिकारी नहीं उठाते फोन वीरांगना अबंतीवाई लोधी स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेज के अधिकारी किसी भी समस्या को लेकर फोन करने पर नहीं उठाते हैं। चिकित्सकों के साथ ही अधिकारियों ने भी अड़ियल रवैया अपना लिया है। मंगलवार को भी मरीजों की समस्याओं से संबंधित प्राचार्य डॉ. नवनीत सिंह चौहान और उप प्राचार्य डॉ. रजनी पटेल को फोन किया गया, लेकिन दोनों ही अधिकारियों ने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा।

# 6.83 लाख पशु का 45 दिन में खुरपका-मुंहपका का टीकाकरण

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले में खुरपका-मुंहपका टीकाकरण अभियान का द्वितीय चरण शुरू हो गया है। अभियान में 6.83 लाख पशुओं के टीकाकरण को टीमें पशुपालकों के द्वार पर पहुंचेगी। डीएम अंकित कुमार अग्रवाल ने अभियान से जुड़े पशु चिकित्सकों, स्टाफ को अभियान में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए हैं। डीएम अंकित कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम अभियान में एफएमडी टीकाकरण अभियान शुरू हो गया है। यह अभियान जिले में 45 दिनों तक चलेगा। टीकाकरण कार्य में लगी टीमें, चिकित्सक दायित्वों का निर्वहन करते हुए पशुओं का टीकाकरण करेंगे। अभियान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीवीओ एसपी सिंह ने बताया कि टीकाकरण अभियान में पशु पालन विभाग ने 16 टीमें नियुक्त की है। जिसमें प्रत्येक टीम में एक उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी, दो पशुधन प्रसार अधिकारी, दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं चयनित वैक्सीनेटर शामिल हैं। अभियान में पशुपालक के द्वार पर जाकर पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। वर्तमान में जनपद में 90,184 गौवंशीय पशु, 5,93,550 महिषवंशीय पशु सहित कुल 683734 पशु है। जिनके लिये मुख्यालय पर 615350 डोज वैक्सीन उपलब्ध है।

उन्होंने पशुपालकों से अनुरोध है कि चार माह तक के बच्चे, 8 माह के गर्भित पशुओं को छोड़कर सभी गौवंशीय, महिषवंशीय पशुओं का टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें।

# शिक्षक ने प्रधानाध्यापक को पीटा, रिवाल्वर से फायरिंग

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-शिक्षक ने प्रधानाध्यापक को पीटा, रिवाल्वर से फायरिंग सकीट के जलालपुर सांथल प्राथमिक विद्यालय मैं हस्ताक्षर न कराने पर भड़का शिक्षक बीएसए ने किया निलंबित, होगी बर्खास्तगी सकीट विकासखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जलालपुर सांथल की घटना लगातार अनुपस्थित चल रहे शिक्षक दिगेंद प्रताप ने प्रधानाध्यापक प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार से मारपीट कर गाली गलौज की, वही स्कूल में ही लाइसेंसी रिवाल्वर से फायरिंग कर दी। किसी तरह प्रधानाध्यापक ने अपनी जान बचाई। मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह ने तत्काल मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी नीरजा चतुर्वेदी से कराते हुए जांच में सही पाने पर आरोपी सहायक अध्यापक को निलंबित करने के साथ बर्खास्तगी की कार्यवाही शुरू की है। I के लिए भी जिलाधिकारी को अवगत कराया गया है। प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार ने भी थाना सकीट में दिगेंद्र प्रताप के विरुद्ध एफआईआर के लिए तहरीर दी है। सहायक अध्यापक के द्वारा घटित घटना शिक्षक नियमावली के विरुद्ध ही नहीं बल्कि बड़ा अपराध है। सहायक अध्यापक दिगेंद्र के निलंबन के साथ बर्खास्तगी की कार्रवाई भी शुरू की जा रही है- संजय सिंह बीएसए एटा

# सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वालों पर होगी कार्रवाई

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- ईद-उल-फितर, बुद्ध पूर्णिमा पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलक्ट्रेट सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि आगामी त्योहारों को प्रेम, भाईचारा एवं आपसी सौहार्द कायम रखते हुए मनाया जाए। जनपद में आपसी सौहार्द की मिशाल कायम रहनी चाहिए। डीएम अंकित कुमार अग्रवाल ने बैठक में प्रमुख धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के निर्देश दिए। धार्मिक स्थलों पर कार्यक्रम में वालिण्टियर की मदद लेने का आहवान किया। डीएम ने कहा कि जनपद में आगामी त्योहारों को परम्परागत तरीके से मनाया जाए। उन्होंने बैठक में मौजूद लोगों ने गए सुझावों के उपरान्त संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी त्योहारों पर धार्मिक स्थलों सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर समुचित साफ सफाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही विद्युत, जलापूर्ति के भी समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। एसएसपी उदय शंकर सिंह ने कहा कि सामाजिक समरसता को बनाए रखने में सभी नागरिकों का सहयोग अपेक्षित होना चाहिए। जनपद में गंगा जमुनी तहजीब की मिशाल को और अधिक बेहतर ढंग से मजबूती प्रदान की जाए। किसी भी प्रकार की अफवाह से बचें तथा शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग करें। एडीएम प्रशासन आलोक कुमार, एएसपीधनंजय सिंह कुशवाह ने कहा कि सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। अनावश्यक टिप्पणी करने, भड़काऊ पोस्ट डालने, फारवर्ड करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में एसडीएम सदर शिव कुमार, एसडीएम अलीगंज मानवेन्द्र सिंह, एएसडीएम वेद प्रिय आर्य, सीओ कालू सिंह, सीओ राघवेन्द्र सिंह, सामाजिक संगठन के प्रतिनिधिगण, संभ्रान्त नागरिक आदि मौजूद रहे।

# हत्या में आजीवन कारावास, 50 हजार का अर्थदंड

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- कहासुनी के बाद युवक की हत्या करने वाले दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई साथ ही अर्थ दंड से दंडित किया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता नीलिमा चौहान और सर्वेश कुमार चौहान के अनुसार बताया 14 जनवरी 2019 को ब्रजेश कुमार निवासी कुसैत थाना जलेसर ने अपने भाई जितेंद्र के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें ब्रजेश का पुत्र नरसिंहपाल सिंह गांव में खेतों की देखभाल करने गया था। वहां पहले से ही ब्रजेश की मां रूमाली देवी, पिता सत्यवीर सिंह, भाई जितेंद्र इसकी पत्नी विमलेश का दो साले झगड़ा हो रहा था। सभी के पास नाजायज असलहे थे। नरसिंहपाल सिंह ने बीच बचाव किया तो उसके ऊपर फायरिंग कर दी। इस पर पिता सत्यवीर चिल्लाए। जितेंद्र ने उनके मुंह पर गोली मार दी। गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को पकड़कर जेल भेजा था। जांच के चार्जशीट कोर्ट में दायर की। मंगलवार को दोनों पक्ष के अधिवक्ता ओ ने दलील पेश की। दलीलों को सुनने के बाद न्यायाधीश ने आरोपी को दोषी माना।। अपर जिला जज कक्ष संख्या एक नरेंद्र कुमार सिंह ने दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। 50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित भी किया है। एडीजीसी ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने छह माह में वाद को निस्तारित करने के आदेश दिए थे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# अतिक्रमण हटाओ अभियान की हुई शुरुआत चला

## नगरपालिका का जेसीबी पीला पंजा

हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद -नगर पालिका परिषद ने 20 मार्च 2022 से 18 मई 2022 शहर के मुख्य मार्ग पर लगाए हुए अतिक्रमण हटाना शुरू जिलाधिकारी के आदेश पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका रविंद कुमार ने बताया कि यह अतिक्रमण अभियान का मुख्य उद्देश्य नालियों को खोलना है तथा दुकानदारों को और मकान मालिकों को सूचित करते हुए कहा है कि वह अपना अतिक्रमण स्वयं हटा लें नाली के ऊपर से अतिक्रमण हटाकर नगरपालिका तथा प्रशासन का सहयोग करें अधिशासी अधिकारी नगर पालिका का कहना है कि त्यौहार आने पर व्यापार मंडल तथा व्यापारी वर्ग के लोग अपनी दुकानों के आगे सामान रखकर अतिक्रमण को बढ़ाते हैं और त्योहार खत्म होने के बाद भी अतिक्रमण बनाए रखते हैं अधिशासी अधिकारी ने बताया कि रेडी वाले लोगों के लिए 17 जोन बनाए गए हैं पर यह लोग उसको अनसुना करके सड़क के किनारे अपनी रेडी को खड़ा कर लेते हैं अगर यही रेडी वाले चलते फिरते रहे तो शहर में अतिक्रमण के साथ-साथ जाम से भी निजात मिल जाएगी अधिशासी अधिकारी ने बताया कि दुकानदार लोग अपनी दुकानों के आगे फोल्डिंग वाले जाल लगवा ले जिससे नाली को सफाई करने। में कोई दिक्कत नहीं होगी जो लोग ऐसा नहीं करते हैं तो उन पर नगर पालिका तथा पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी अधिशासी अधिकारी रविंद कुमार और नगरपालिका के कर्मचारियों के साथ साथ सिटी मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव सीओ फर्रुखाबाद बीबीगंज चौकी इंचार्ज भारी पुलिस बल के साथ बीबीगंज से लेकर टाउन हॉल तिराहे तक चलना था अतिक्रमण अभियान- इन तारीखों में यहां चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान- 20 अप्रैल-बीबीगंज पुलिस चौकी से टाउन हॉल तक 21 अप्रैल- टाउन हॉल चौक तक 22 अप्रैल-चौक से लाल गेट तक 23 अप्रैल- लालगेट से आवास विकास तिराहा 25 अप्रैल- आवास विकास कॉलोनी के अंदर तक 26 अप्रैल- आवास विकास से भोलेपुर क्रासिंग तक 27 अप्रैल- भोलेपुर क्रॉसिंग से फतेहगढ़ चौराहा तक 28 अप्रैल- फतेहगढ़ चौराहे से कोतवाली होकर पुल मंडी पुलिया तक 30 अप्रैल- जिला जेल चौराहे से रखा रोड तक 2 मई- कानपुर रोड से ग्रानगंज तक 4 मई- ग्रानगंज से पुलमंडी तक 5 मई-भोलेपुर से बेवर रोड पालिका सीमा तक 6 मई- चौक से मठिया देवी होकर रेलवे स्टेशन तक 7 मई- रेलवे स्टेशन से ठंडी सड़क होकर लाल गेट तक 10 मई- चौक से नाला मछरट्टा तक 11 मई- नाला मछरट्टा से लिंजी गंज अस्पताल तक 12 मई- लिंजीगंज अस्पताल से लिंजीगंज बाजार होकर लाल गेट तक 13 मई- लिंजीगंज व मन्नीगंज बाजार 16 मई- लाल गेट से कादरी गेट 17 मई- कादरी गेट से बिर्राबाग लकूला होकर मसानी चौराहा 18 मई- तिकोना चौकी से जसमई दरवाजा मंडी होकर रेलवे स्टेशन तक फर्रुखाबाद

# प्रशासन आपके द्वार जनसंवाद शिविर सरकार की अच्छी पहल- सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला-पेंड्रा-मरवाही- छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आज मरवाही विकासखंड के ग्राम पंचायत मड़ई में आयोजित प्रशासन आपके द्वार के तहत जिला स्तरीय जनसंवाद शिविर को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन द्वारा पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों का निराकरण करने के साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इस व्यवस्था के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की प्रशंसा की। डॉ. महंत ने ग्रामीणों से कहा कि वे निडर होकर बिना झिझक के अपनी बात रखें और इस सेवा का लाभ लें। डॉ. महंत ने कहा कि जिले में बेहतर से बेहतर काम हो, जनप्रतिनिधि निर्माण कार्यों पर निगरानी रखें। उन्होंने अपने 42 साल के कार्य अनुभव को साझा करते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे जिले में हो रहे विकास कार्यों पर विशेष निगरानी रखें, निमार्ण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण हो ताकि लोगों में असंतोष नहीं हो। उन्होंने जिले में मनरेगा के कार्यों और कैंपा की राशि से पुलिया निर्माण में हुई गड़बडी का भी जिक्र किया और कहा कि इन कार्यों की जांच में अनियमितता पायी गयी, दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि बड़ी मेहनत के बाद नया जिला बना है। इस अवसर पर राज्य युवा आयोग के उपाध्यक्ष श्री उत्तम वासुदेव, पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल, वनमण्डलाधिकारी श्री दिनेश पटेल, जनपद अध्यक्ष मरवही श्री प्रताप सिंह मरावी, अध्यक्ष नगर पंचायत पेंड्रा श्री राकेश जालान, जिला पंचायत सदस्य श्री शुभम पेंद्रो, श्री मनोज गुप्ता, श्री ज्ञानेंद्र उपाध्याय सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# भैयाथान महाविद्यालय में छात्राओं को महिला सुरक्षा

## एप अभिव्यक्ति के बारे में दी गई जानकारी

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के निर्देश पर बुधवार, 20 अप्रैल 2022 को डीएसपी नंदनी ठाकुर ने अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा एप के बारे में प्रचार-प्रसार एवं उसके इस्तेमाल को लेकर टीम रक्षक के महिला पुलिसकर्मियों के साथ भैयाथान स्थित महाविद्यालय पहुंची और स्कूली छात्राओं को शिक्षकगणों की मौजूदगी में अभिव्यक्ति ऐप के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए ऐप उपयोग करने से जुड़ी सभी जानकारियों से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिलाएं कभी भी इस एप के माध्यम से अपनी शिकायत अपलोड कर तुरंत पुलिस की सहायता प्राप्त कर सकती है। सदैव जागरूक रहने और घटना घटित होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने अपील की। टीम रक्षक के द्वारा विपरित परिस्थितियों, छेड़खानी के विरूद्ध खुद की सुरक्षा कर किस प्रकार से की जा सकती है उसके तरीकों का डेमो देकर छात्राओं को अवगत कराया। इस दौरान प्राचार्य आलोक शर्मा, टीम रक्षक सहित स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं व स्कूली छात्राएं मौजूद रहे। जिले की पुलिस के द्वारा चलित थाना, ग्राम चौपाल सहित भीड़भाड़ वाले स्थानों पर महिलों को अभिव्यक्ति ऐप की उपयोगिता व इस्तेमाल के तरीके से अवगत कराया जा रहा है।

# ओड़गी ग्रामीणों ने पानी सप्लाई चालू नहीं

## होने पर आंदोलन करने की दी चेतावनी

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



ओड़गी- ओड़गी ब्लॉक मुख्यालय मे पानी के लिए हां हां कार भीषण गर्मी में पिछले महीने भर से नल जल योजना द्वारा पानी टंकी सप्लाई बंद होने के कारण गर्मी के दिनों में पानी सप्लाई बंद हो जाने से पानी का विकट समस्या उत्पन्न हो गया है , आस पास के2,3 किलोमीटर की दूरी से पानी लाते हुए देखे जाते हैं , ओडगी के ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि पीएचई विभाग एवं ग्राम पंचायत की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को पानी के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है , एवं नल जल योजना महिनों से बंद पड़ा हुआ है, प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व में पीएचई विभाग के द्वारा नल जल योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण कराया गया था एवं पानी सप्लाई हेतु पानी टंकी बनाकर ग्राम पंचायत को सचालन हेतु सुपुर्द किया गया ऐसे में पीएचई विभाग अपनी जिम्मेदारी का इतिश्री कर लेते है और ग्राम पंचायत के ऊपर पूरी जिम्मेदारी होती है ।जिससे ओडगी के ग्राम वासियों को पानी के लिए दर-दर के लिए भटकना पड़ रहा है , समय रहते पानी व्यवस्था सुचारू रूप से चालू करने की मांग की है। स्थानीय भाजपा नेता भाजपा मंडल उपाध्यक्ष संतोष सिंह जी के द्वारा कहा गया कि पानी की व्यवस्था नल जल के माध्यम से दिया जाता रहा लेकिन महिनों से नल जल बंद हो जाने से ओडगी वासियों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है , पानी व्यवस्था सुचारू रूप से चालू नहीं किया गया तो भविष्य में आंदोलन हो सकता है समय रहते पानी व्यवस्था सुचारू रुप से चालू किया जाए ताकि ग्राम वासियों को पानी मिल सके ,व ग्रामवासीयो को पानी के लिए दर-दर भटकना ना पड़े ।

# एसईसीएल भटगांव खदान के बिजली सब स्टेशन से केबल व स्टार्टर चोरी मामले

## में 1 नाबालिक सहित 3 गिरफ्तार

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- दिनांक 19.04.2022 को एसईसीएल भटगांव खदान के प्रधान सुरक्षा प्रहरी पवन शर्मा ने थाना भटगांव में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 17-18 अप्रैल के दरम्यिानी रात भटगांव सब स्टेशन सी टाईप स्थित बिजली सब स्टेशन का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों के द्वारा 40 मीटर बिजली केबल 35 एमएम व 1 डीओएल स्टार्टर को चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर अज्ञात के विरूद्ध अपराध क्रमांक 61/22 धारा 457 380 भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री राजेश अग्रवाल ने चोरों की पतासाजी करते हुए जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना भटगांव की पुलिस चोरों की पतासाजी में लगी हुई थी इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि ईटभट्ठा निवासी सूरज सोनवानी उर्फ भुई अपने घर में चोरी का स्टार्टर रखा है और बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है जिसके बाद पुलिस ने उसे उसके गांव में दबिश देकर पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि बाजारपारा के शुभम जायसवाल व एक नाबालिक लड़के के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिये थे। घटना में शामिल शुभम जायसवाल व एक विधि से संघर्षरत् बालक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी किए गए 40 मीटर बिजली केबल 35 एमएम एवं 1 डीओएल स्टार्टर कीमती 60 हजार रूपये का जप्त कर तीनों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव विमलेश सिंह, प्रधान आरक्षक राजेश यादव, आरक्षक प्रकाश साहू व रजनीश पटेल सक्रिय रहे।